विद्या - भवन बालिका विद्यापीठ, लखीसराय

वर्ग - द्वितीय　　　　　　　　विषय - हिंदी

एन.सी.ई.आर.टी पर आधारित

दिनांक - 18 - 08- 2021

पाठ – 7

दांतों की सफाई

सुप्रभात बच्चों ,

आज की कक्षा में आपको अभ्यास कार्य करना है, जो इस प्रकार है –

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए (लघु उत्तरीय प्रश्न)

(क) अमर विद्यालय क्यों नहीं गया?

उत्तर -क्योंकि अमर के दांत में बहुत दर्द था।

(ख) अमर के दांत में दर्द क्यों हुआ?

उत्तर - क्योंकि दांत बहुत गंदे थे।

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए (दीर्घ उत्तरीय प्रश्न) :

(क) अमर क्यों परेशान था ? उसके पिताजी उसे कहां ले गए?

उत्तर = क्योंकि अमर के दांत में दर्द था। उसके पिताजी उसे चिकित्सक के पास ले गए।

(ख) दांतो को किस प्रकार साफ करना चाहिए?

उत्तर = दांतों को ब्रश से ऊपर - नीचे बार-बार चला कर साफ करना चाहिए।

(ग) दांतो को मजबूत बनाने के लिए क्या-क्या करना चाहिए?

उत्तर = दांतो को मजबूत बनाने के लिए दूध, हरी सब्जियां, पौष्टिक फल इत्यादि खाने चाहिए।

3. सही शब्द चुनकर रिक्त स्थान भरिए:

(कपड़े , कुल्ला , दूध , नाखूनों)

(क) .... पीने से दांत मजबूत होते हैं।

(ख) धुले हुए साफ .... पहनने चाहिए ।

(ग) भोजन के पश्चात साफ पानी से .... करें।

(घ) .... को काटकर छोटे रखना चाहिए।

4. सही विकल्प पर (✓) का निशान लगाइए:

(क) अमर को कहां दर्द था?

पैर में ( ) हाथ में ( ) दांत में ( )

(ख) किस चीज से दांत मजबूत होते हैं?

आइसक्रीम से ( ) चॉकलेट से ( ) दूध से ( )

(ग) प्रतिदिन कितनी बार दांत साफ करने चाहिए?

एक बार ( ) दो बार ( ) तीन बार ( )

गृहकार्य

दिए, गए अध्ययन सामग्री को लिखें याद करें -

नोट :- अगली कक्षा में आपको ईमानदारी का फल कहानी के बारे में अध्ययन करना है।

****

ज्योति